मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-70
22/02/2024

मुख्यमंत्री ने मनेर शरीफ जाकर सूफी संत हजरत मख़्दूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी के उर्स के मौके पर बड़ी दरगाह स्थित उनकी मज़ार पर चादरपोशी की

पटना, 22 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मनेर शरीफ स्थित सूफी संत हज़रत सुल्तानुल मख़्दूमीन सय्यिदुना शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह के 755वें उर्स मुबारक के मौके पर बड़ी दरगाह स्थित उनकी मजार पर चादरपोशी की और राज्य में सद्भाव, समृद्धि, अमन–चैन और खुशहाली कायम रहने की दुआयें मांगी।

मनेर शरीफ खानकाह पहुॅचने पर मुख्यमंत्री ने मनेर शरीफ खानकाह के गद्दीनशीं सैयद शाह तारिक ऐनायतुल्लाह फिरदौसी से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को टोपी और रूमाल भेंटकर उनका अभिनन्दन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने आस्तान–ए–हज़रत सुल्तानुल मख़्दूमीन सय्यिदुना मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी की मजार पर चादरपोशी की एवं दुआयें मॉगी।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक मो0 जमा खान, विधान पार्षद मो0 खालिद अनवर, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो0 अफजल अब्बास, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण तथा उर्स मुबारक में आये श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******